# अवैध संबंध की शंका बनी हत्या की वजह

## साढू ने की थी हत्या, बेहद चतुराई से बलपूर्वक पानी में डुबाकर की गई हत्या



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 अक्टूबर।** थाना आवदा पर आवदा डेम के पास उवाल के नीचे गोड़े वाली पुलिया के पास सुमसान जगह में झाडियों एवं बहते हुए पानी में एक अज्ञात व्यक्ति का मृतक शरीर पड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर आवदा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण किए जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अज्ञात शव शिनाख्त विनोद आदिवासी पुत्र राधेश्याम आदिवासी उम्र 33 साल नि. राड़ेप के रूप में की गई, जिस पर थाना आवदा में मर्ग क्र10/25 कायम कर जांच में लिया गया ।

घटना की संदिग्धता को देखते हुए घटना स्थल का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया घटना स्थल पर बहता हुआ पानी काफी कम था जिसमें किसी व्यक्ति की डूबकर मरने की संभावना ना के बराबर थी एवं घटना स्थल एकांत व सुनसान जगह होने से घटना पर संदेह होता प्रतीत पाया गया ।

पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा अति.पु. अ. प्रवीण भूरिया एवं एसडीओपी अनुभाग बड़ौदा प्रवीण अष्ठाना के निर्देशित कर थाना प्रभारी आवदा उनि राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में टीम गठित कर मर्ग की गुत्थी सुलझाने हेतु निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा घटना के हर पहलू पर बारिकी से जांच की गई तकनीकी साक्ष्य एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर मृतक विनोद आदिवासी के साडू राजू आदिवासी की भूमिका संदिग्ध होना पाई गई। मृतक को अपनी पत्नि के राजू आदिवासी से अवैध संबंध होने का संदेह था जिसके चलते आरोपी व मृतक के बीच रंजिशन तनाव रहता था। आरोपी, मृतक से छुटकारा पाना चाह रहा था इसलिए वह योजनाबद्ध तरीके से दिनांक 21.09.25 को अपनी ससुराल से श्योपुर फिर आवदा गया एवं विनोद को शराब पिलाने के बहाने एकांत में ले गया, विनोद को अधिक नशा होने पर मौका पाकर राजू ने पास में बह रहे पानी में लात मार कर विनोद को गिरा दिया, और पानी में डुबाकर उसकी हत्या कर दी । अंधे कत्ल का खुलासा कर थाना आवदा पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र 93/25 धारा 103(1),238(ए) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत हत्या करने एवं साक्ष्य छुपाने का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी राजू आदिवासी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।

उक्त खुलासे में स.उ.नि टीकाराम रावत, प्र. आर. 36 धर्मेन्द्र सिंह तोमर, आर. 249 विनोद कुशवाह, आर. 490 मदन पटेलिया के आलावा आर राजबल्लभ सहित सायबर सेल टीम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही ।



# सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस प्रशिक्षण में आशा कार्यकर्ताओ को अचानक दिल का दौरा पड़ने या रोड दुर्घटना जैसी आपातकालीन स्थिति में लोगों को तुरंत सहायता प्रदान करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. एस. राजपूत और स्वास्थ्य विभाग के मीडिया अधिकारी द्वारा सीपीआर का डेमो दिखाकर प्रशिक्षण दिया गया।

डॉ जेएस राजपूत ने जारकारी देते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति को हृदयाघात हो जाए तो सबसे पहले 108 एंबुलेंस को कॉल करें। जब तक एंबुलेंस नहीं पहुंचती, तब तक व्यक्ति को समतल जगह पर लेटाएं। फिर उसकी गर्दन से नब्ज देखें और यदि नब्ज नहीं मिल रही है, तो तुरंत ही सीपीआर शुरू करें। इसके लिए व्यक्ति की छाती के बीच में एक हथेली और दूसरी हथेली रखें और 1-2 इंच दबाव देकर 30 बार छाती को दबाएं। इसके बाद मुंह या गमबूबैग से 2 बार कृत्रिम सांसें दें। इस क्रम को 4-5 बार दोहराएं, जब तक एंबुलेंस नहीं आ जाती। यदि व्यक्ति बच्चा है, तो दोनों अंगूठों से 30 बार दबाव डालें। यह प्रक्रिया जीवनदायक साबित हो सकती है और किसी भी व्यक्ति की जान बचाने में मदद कर सकती है। उल्लेखनीय है कि इस अभियान के तहत 13 से 17 अक्टूबर तक साप्ताहिक रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस जीवनरक्षक कौशल को सीख सकें।

## ई-अटेंडेंस न लगाने पर सख्ती,कलेक्टर ने दिए वेतन काटने के निर्देश

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा ई-अटेंडेंस नियमित रूप से दर्ज नहीं कराने पर शिक्षकों का वेतन काटने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एम एल गर्ग ने समस्त संकुल प्राचार्यों को आवश्यक रूप से हमारे शिक्षक एप पर प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज कराने के सख्त आदेश दिए हैं। इसके तहत सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे स्वयं प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज कराएँ और अपने अधीनस्थ सभी स्कूलों के प्रभारियों एवं शिक्षकों को भी ई-अटेंडेंस लगाने हेतु सुनिश्चित करें। इस प्रक्रिया के लिए खंड शिक्षा अधिकारी श्योपुर एवं विजयपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो प्रतिदिन सुबह 11.30 बजे संकुलवार समीक्षा करेंगे और ई-अटेंडेंस न लगाने वाले संस्था प्रधानों से संपर्क कर उपस्थिति दर्ज करवाएँगे। निर्देशानुसार लापरवाही करने वाले संस्था प्रधानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान एक की मृत्यु

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 अक्टूबर।** थाना देहात सड़क दुर्घटना में मृत्यु फरि. रवि पुत्र रामप्रसाद आदिवासी उम्र 22 साल नि. रामपुरा डाग ने रिपोर्ट की कि दि. 12.10.25 के 19.00 बजे स्थान श्योपुर गोरस रोड काली तलाई के पास पुलिया पर आरोपी रामअवतार पुत्र बीरबल आदिवासी नि. रामपुरा डाग ने अपनी मो.सा. को तेजी व लापरवाही से चलाकर गाय मे टक्कर मार दी जिससे फरि को चोटे आयी एवं आरोपी मोटर साईकल चालक की दौराने इलाज मृत्यु हो गई । (मर्ग क्र. 37/25 धारा 194 बीएनएसएस, मृतक रामअवतार पुत्र बीरवल आदिवासी नि. रामपुराडाग ) दि. 13.10.25 के 17.36 बजे अप.क्र. 280/25 धारा 106(1),281,125ए बीएनएस कायम कर लिया हैं। थाना महिला दहेज प्रताड़ना फरिया. छोटीबाई पत्नी रामस्वरूप मीणा उम्र 32 साल नि. गुहेडा हाल ग्राम बगडुआ थाना मानपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 20.11.24 से 25.09.25 के 13.00 बजे स्थान फरि. की ससुराल गुहेडा एवं मायका बगडुआ पर आरोपी रामस्वरूप मीणा पुत्र सुग्रीव मीणा नि. गुहेड़ा थाना देहात ने फरिया को दहेज के लिये प्रताड़ित किया व दहेज मे एक लाख रुपये एवं एक मो.सा. की मांग की । दि. 13.10.25 के 18.35 बजे अप.क्र. 23/25 धारा 85 बीएनएस दहेज एक्ट कायम कर लिया हैं।

थाना बड़ौदा मारपीट फरि. निर्मल पुत्र दीनबन्धु मीणा उम्र 21 साल नि. श्रीजी की गावड़ी थाना बड़ौदा ने रिपोर्ट की कि दि. 12.10.25 के 22.00 से 22.30 बजे स्थान श्री श्याम ढाबा के सामने बड़ौदा पर आरोपीगण कमल मीणा , दीपक मीणा नि. लोहाड ने फरि को ढाबा पर खाना लगाने की बात पर से गंदी गंदी गालियां दी मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी । दि. 13.10.25 के 00.26 बजे अप.क्र. 274/25 धारा115(2), 296, 351(2), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं। थाना कोतवाली मारपीट फरि. सुरेन्द्र पुत्र घनश्याम गुर्जर उम्र 21 साल नि. सलापुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 14.10.25 के 9.45 बजे स्थान सलापरा पर आरोपीगण विष्णु , रामकेश , विशाल , सियाराम समस्त जाति गुर्जर नि.गण सलापुरा ने पुराने विवाद को लेकर फरि. के साथ गंदी गंदी गालिया दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी दि. 14.10.25 के 10.28 बजे अप.क्र.248/25 धारा 115 (2),296,351 (2),3 (5) वीएनएस कायम कर लिया हैं।

थाना देहात मर्ग सूचनाकर्ता महेश पुत्र हिमर सिह पटेलिया उम्र 20 साल नि. डुवडी थाना बरगवां ने बताया कि दि. 14.10.25 के 11.00 बजे स्थान कलमी से आगे श्यो. कराहल रोड पर मृतक कूका सिह पुत्र श्यामला पटेलिया उम्र 40 साल नि. डुवडी थाना बरगवां मृतक की मृत्यु कार क्र. यूपी 85 सीएफ6635 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. के जीजा की मो.सा. टक्कर मार दी जिससे फरि. के बाबा कूका सिह की मृत्यु हो गयी दि. 14.10.25 के 14.56 बजे मर्ग क्र. 38/25 धारा 194 वीएनएस कायम कर लिया हैं।

# कक्षा 2 की शायना ने सुनाई एबीसीडी, कलेक्टर ने सराहा

## कलेक्टर द्वारा पार्वती एक्वाडेक्ट का अवलोकन कलेक्टर ने किया बड़ौदा क्षेत्र का भ्रमण



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा ने बड़ौदा क्षेत्र का भ्रमण किया, इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाएं देखी, विद्यार्थियों से चर्चा की तथा शिक्षकों को अनिवार्य रूप से ई- अटेंडेंस दर्ज करने के निर्देश दिए। ग्राम में अनुपस्थित पाये जाने पर रोजगार सहायक एवं सचिव का 15-15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होने पार्वती एक्वाडेक्ट का अवलोकन भी किया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने बड़ौदा क्षेत्र में स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुरा का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन एवं पुस्तको की उपलब्धता का जायजा लिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों से चर्चा कर शैक्षणिक गुणवत्ता का आंकलन किया। इस दौरान कक्षा 2 की बालिका शायना ने कलेक्टर को एबीसीडी सुनाई, इस पर कलेक्टर ने बच्चों की सराहना की, साथ ही प्राचार्य श्री शंभूदयाल माहौर को ई-अटेंडेस का उपयोग सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय बड़ोदिया बिंदी का भ्रमण किया, शिक्षकों को हमारे शिक्षक एप पर उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए, साथ ही उन्होने विद्यालय में बिजली एवं पानी की व्यवस्था सुदृढ करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक ग्राम में अनुपस्थित रहते हैं, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पडता है, इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक का 15-15 दिन का वेतन काटने के नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, इसके अतिरिक्त पटवारी की अनुपस्थित पर भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा पार्वती एक्वाडक्ट का भी अवलोकन किया गया, इस दौरान उन्होंने गेज ऑपरेटर प्रेमचंद माहौर से नहर में पानी की मात्रा मापने की प्रक्रिया जानी, इसके साथ ही वहां स्थित पर्यटन विभाग के विश्राम ग्रह की मरम्मत के भी निर्देश दिए।

## दीपावली पर्व पर मिलावटखोरी पर सख्त निगरानी

**श्योपुर, 15 अक्टूबर।** आगामी दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। आमजन को शुद्ध, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु जिले के समस्त खाद्य प्रतिष्ठानों, थोक एवं खुदरा विक्रेताओं, मिठाई दुकानों, डेयरी उत्पादों, तेल, घी, मसाले, ड्रायफ्रूट्स, बिस्किट, नमकीन, गिफ्ट पैक तथा चॉकलेट विक्रेताओं आदि का सघन निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान मिलावट की संभावना वाले उत्पादों के नमूने लेकर परीक्षण हेतु भेजे जाएंगे तथा आवश्यकतानुसार जप्ती एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण कार्यवाही के दौरान मैजिक बॉक्स, चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला एवं चेकिंग प्वाइंट्स के माध्यम से भी निगरानी रखी जाएगी। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी नमूना एवं कार्यवाही की वीडियोग्राफी की जाएगी तथा सभी लंबित प्रकरणों को सक्षम न्यायालय में शीघ्र प्रस्तुत किया जाए।

# पराली नहीं जलाएंगे : बाबूलाल, कलेक्टर ने की प्रशंसा,बगैर एसएमएस हार्वेस्टर जब्त



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा ने बड़ौदा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान किसान बाबूलाल मीणा के खेत में उतरकर उनसे चर्चा की। किसान बाबूलाल मीणा ने बताया कि वे अपने 3 बीघा खेत में धान की कटाई कर चुके हैं, और अब पराली न जलाते हुए वे इसे पशुओं के चारे के रूप में उपयोग करेंगे, इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने बाबूलाल मीणा की प्रशंसा की।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा ने कहा कि खेत में पराली जलाने से पर्यावरण को नुकसान होता है, इससे उठे धुएं के दुष्परिणाम प्रकृति को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं पराली न जलाते हुए अपने अन्य किसान भाइयों को भी सुपर सीडर जैसे कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित करें।

किसान बाबूलाल मीणा ने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया कि वे अपनी धान की फसल की कटाई करने के पश्चात फसल अवशेषों को मिट्टी के साथ ही जोत देते हैं, जिससे उनकी भूमि की उर्वरता नियमित रूप से बनी रहती है।

**बगैर एसएमएस हार्वेस्टर जब्त, थाने में खड़ा कराया:**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा ने बड़ौदा मार्ग पर बिना एसएमएस (स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम) लगे हार्वेस्टर को देख, उसके विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। इस हार्वेस्टर के जरिए बगैर एसएमएस मशीन के फसल की कटाई की जा रही थी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा ने जिस पर तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा को निर्देशित किया कि हार्वेस्टर को थाने पर पहुंचाया जाए, साथ ही ऐसे हार्वेस्टर जो बिना एसएमएस मशीन के कटाई कर रहे हो, उन्हें चिन्हित कर नियमित रूप से कार्यवाही की जाये। शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार हार्वेस्टर के साथ एसएमएस सिस्टम का उपयोग होना अनिवार्य है। यह सिस्टम फसल अवशेषों को छोटे टुकड़ों में काटकर भूमि में मिलने योग्य बनाता है, जिससे भूमि की उर्वरता में वृद्धि होती हैं एवं पराली जलाने की आवश्यकता नही पड़ती है।

# परीक्षा केंद्रों के लिए दावा एवं आपत्तियाँ आमंत्रित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 अक्टूबर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 सत्र 2025-26 के लिए जिले में प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची जिला चयन समिति द्वारा अनुमोदित कर दी गई है। इन प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों पर दावा एवं आपत्तियाँ आमंत्रित की गई हैं।

शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि पालक, शिक्षक एवं छात्र परीक्षा केंद्रों के संबंध में सुझाव या आपत्तियाँ प्रकाशित तिथि 15 अक्टूबर 2025 से तीन दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, श्योपुर में व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत की जा सकती हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाले दावे या आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी श्योपुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्योपुर, विजयपुर एवं कराहल, तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्योपुर, विजयपुर एवं कराहल के कार्यालयों में अवलोकन हेतु चस्पा की गई है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जिले में कुल 35 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं, जिनमें 21 सामान्य, 10 संवेदनशील, 4 अतिसंवेदनशील तथा 5 रिजर्व परीक्षा केंद्र शामिल हैं। प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के 6701 (नियमित 6212 एवं प्राइवेट 489) तथा हायर सेकंडरी के 4678 (नियमित 4325 एवं प्राइवेट 353) परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों में शासकीय माध्यमिक विद्यालय इकलौद, शासकीय अंबिका हायर सेकंडरी स्कूल इकलौद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, श्योपुर, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विजयपुर शामिल हैं। वहीं, इस वर्ष न्यू प्राइवेट गुडशेफर्ड इंग्लिश स्कूल, ढोढर को नवीन परीक्षा केंद्र के रूप में प्रस्तावित सूची में शामिल किया गया।



# सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग कार्य जारी

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर दिनांक 15 अक्टूबर ।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए अभियान चलाकर बरसात में खराब हुई शहर की गांरटी पीरियड की सड़कों पर ठेकेदार द्वारा एवं अन्य विभिन्न सड़कों पर नगर निगम द्वारा तेजी से पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है।

सहायक यंत्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए गांरटी पीरियड की सड़कों सहित विभिन्न सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत आज ऊँट पुल के पास, राममंदिर के पीछे इमरती वाले के सामने, जटार साहब की गल कमानी पुल, आनंद नगर बी ब्लॉक, 9 नम्बर पुलिया हजीरा, बाला बाई का बाजार, ग्वालियर ग्लोरी रोड हरीशंकरपुरम, रॉयल एन्क्लेव कॉलोनी प्रधानमंत्री आवास, पीताम्बरा स्टेट दीनदयाल नगर, प्रिस्टन कॉलेज सैनिक कॉलोनी खुरैरी, दीनदयाल नगर, आनंद नगर बी ब्लॉक सहित अनेक सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग कर यातायात को सुगम बनाया गया।

# जीवन स्तर में सुधार लाना अभियान का उद्देश्य,इसी को ध्यान में रखकर करें गांवों का भ्रमण-डीएम

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत समीक्षा बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा ने कहा कि जिले के ग्रामों का नियमित रूप से भ्रमण करें तथा विलेज एक्शन प्लान को व्यवहारिक एवं परिणामोन्मुख बनाए। उन्होने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य से ग्राम स्तर तक जीवन में सुधार लाना एवं योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने में सरलता लाना है। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता, मास्टर ट्रेनर श्रीमती राजेश शर्मा, अजय रावत सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा ने कहा कि ग्राम स्तर पर तैयार किए जा रहे एक्शन प्लान में ग्राम की सभी मूलभूत आवश्यकताओं जैसे हैंडपंप, पेयजल, सड़क, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आंगनवाड़ी, बिजली, कृषि, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित बिंदुओं को शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम का विकास तभी संभव है जब हर विभाग अपनी भूमिका जिम्मेदारी से निभाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ट्रांजिट वॉक के माध्यम से ग्राम का भौतिक निरीक्षण करें, ग्रामीणों से संवाद स्थापित करें और उनकी वास्तविक जरूरतों की पहचान करें। इस दौरान किसी भी समस्या या कमी को तुरंत संबंधित विभाग के संज्ञान में लाया जाए और समयबद्ध रूप से उसका निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# एडि . कलेक्टर ने तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का किया निरीक्षण

## भाजपा के नगर महामंत्री के नामांतरण को लेकर कलेक्टर को भेजे पत्र पर पहुंचे



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 15अक्टूबर।** खसरा के 12 नंबर कॉलम में नाम वालों की रजिस्ट्री का नामांतरण तहसीलदार विगत दो माह से निरस्त कर रहे हैं। जिसके कारण नगर महामंत्री पवन राठौर के जिला कलेक्टर को दिए आवेदन पर एडिशनल कलेक्टर अश्विनी रावत तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। कुछ किसानों की समस्याएं भी सुनी गई

बुधवार को एडीशनल कलेक्टर अश्विनी रावत तहसील कार्यालय के निरीक्षण करने के बाद एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे। तहसील कार्यालय पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कानूनगो कर्मचारियों से मुलाकात की गई। समय पर काम नहीं होने पर नाराजगी भी व्यक्त की गई। खसरा में 12 वें नंबर के कॉलम में रजिस्ट्री वालों के नामांतरण तहसीलदार निरस्त करने का निराकरण भी 3 महीने का समय दिया गया। सर्पदंश की राशि नहीं नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गई , निराकरण के लिए 7 दिन का समय दिया गया निलंबित बाबू के रिकॉर्ड तहसील में नहीं देने पर एफ आई आर दर्ज कराने पर भी विचार किया जा सकता है। अधिकारी व कर्मचारियों के कार्यालय समय पर नहीं आने कार्रवाई की जाएगी। ई अटेंडेंस शुरू कराई जा रही है। नगर पालिका के सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं देने के सवाल पर जिला कलेक्टर के द्वारा सभी नगर पालिकाओं को निर्देश दिया जाना बताया है। समीक्षा उपरांत कार्रवाई की जाएगी। नगर में जाम के विषय पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान एसडीएम मेघा तिवारी एवं तहसीलदार आशीष देशवाल एवं पटवारी गण मौजूद रहे। नगर में जाम का निराकरण कराने के लिए नगर मंडल ने दिया ज्ञापन। नगर में घंटों तक जाम के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जरूरतमंद व्यक्ति आवागमन बाधित होंने से परेशान हो जाता है। प्रशासन को निराकरण करने का प्रयास करना चाहिए। नगर मंडल जाम का निराकरण करने की मांग एडिशनल कलेक्टर से की गई है। नगर महामंत्री पवन राठौर का कहना खसरा के 12 नंबर कॉलम में अंकित नाम की रजिस्ट्री के नामांतरण केवल सबलगढ़ तहसील में नहीं किया जा रहे हैं। नगर मंडल अध्यक्ष अवधेश गोयल का कहना किसान एवं सोशल मीडिया से जानकारी मिली की तहसीलदार असवाल जब से इस तहसील पर आए हैं तब से नामांतरण बंद हो गए हैं।

# बालिकाएं बन रहीं अपराजिता, आत्मरक्षा प्रशिक्षण जारी




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 अक्टूबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अपराजिता कार्यक्रम के तहत शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण जारी है। महिला सशक्तिकरण अधिकारी रिशु सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह 15 दिवसीय प्रशिक्षण 10 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ था, जिसमें विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक श्री दुर्गेश सिंह चौहान द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय सिखाए जा रहे हैं और आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## ग्वालियर जिले के 5950 सहरिया परिवारों को मिली पक्की छत

**ग्वालियर 15 अक्टूबर।** ग्वालियर जिले के विभिन्न ग्रामों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति सहरिया के 5 हजार 950 परिवारों को पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजाति उत्कर्ष ग्राम अभियान ने पक्के घर दिलाए हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत सहरिया परिवारों के लिये ये पक्के आवास मंजूर किए गए हैं। पक्की छत मिलने से सहरिया परिवारों में खुशी की लहर है। सहरिया परिवारों के लिये स्वीकृत 5 हजार 950 आवासों में से 3 हजार से अधिक आवास बनकर तैयार हो गए हैं। साथ ही शेष 2 हजार 947 आवासों का काम भी 50 प्रतिशत से ज्यादा पूरा हो चुका है।